RAF SECTOR

NEWS CLIP

18/12/2023

SERVING HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Bhaskar, Latehar, (JKD)

रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय में किया पौधरोपण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : रैपिड एक्शन फोर्स के 106वीं बटालियन के कमांडेंट निशित कुमार के निर्देश पर लातेहार में पहली बार पहुंचे जवानों के द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम का आयोजन कर रही है और उसमें भाग ले रही है। इसका नेतृत्व बटालियन के डिप्टी कमांडेंट विवेक कुमार कर रहे है। इस टीम में उनके साथ 60 लोगों काा दल शामिल है।गुरुवार को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में रैपिड़ एक्शन फोर्स के डिप्टी कमांडेट विवेक कुमार के द्वारा पौधारोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से डिप्टी कमांडेंट विवेक कुमार, जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार सिंह सहित स्कूल के शिक्षक मौजूद थे।

Dainik Bhaskar, Latehar, (JKD)

रैपिड एक्शन फोर्स की 106 वीं बटालियन छह दिवसीय दौरा पर लातेहार पहुंची

बच्चे देश के भविष्य : डिप्टी कमांडेंट

प्रतिनिधि, लातेहार

रैपिड एक्शन फोर्स (दंगा नियंत्रण बल) की 106 वीं बटालियन अपने छह दिवसीय दौरे पर लातेहार में है. इस दौरान सदर प्रखंड के बाचकुम गांव स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में बुधवार को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ सहित कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इससे पूर्व स्कूल के प्राचार्य प्रदीप कुमार सिंह ने बटालियन के डिप्टी कमांडेंट विवेक कुमार का स्वागत किया. वहीं असम के बच्चों ने असामी नृत्य प्रस्तुत किया गया.

बच्चों को जानकारी देते अधिकारी

मौके पर डिप्टी कमांडेंट ने कहा कि मेरा मकसद आप सबों को मोटिवेशन देना है. आगे चलकर आप ही देश के भविष्य बनेंगे. रैपिड एक्शन फोर्स (दंगा नियंत्रण बल) सीआरपीएफ का एक विंग है, जिसे भीड़ को नियंत्रित करने, दंगा वाले क्षेत्रों या अशांति वाले क्षेत्रों में तैनात किया जाता है. उन्होंने कहा कि जब एक बेटी पढ़ लिखकर आगे बढ़ती है, तो भविष्य में वहीं बेटी पूरे घर को पढ़ाने का कार्य करती है.

इस दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों को बॉडी प्रोटेक्टर, एसएसएल गैस गन, रबर बुलेट गन, पंप एक्सा गन, श्री ग्रेट, स्पाइड, स्प्रीरटर, स्टीक बैटन, रबर बैटन आदि की विस्तार से जानकारी दी. कार्यक्रम के बाद रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा स्कूल परिसर में पौधरोपण किया गया.

Dainik Bhaskar, Latehar, (JKD)

रैपिड एक्शन फोर्स ने सदर अस्पताल व बस स्टैंड में चलाया स्वच्छता अभियान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : रैपिड एक्शन फोर्स के 106वीं बटालियन के कमांडेंट निशित कुमार के निर्देश पर लातेहार में पहली बार पहुंचे जवानों के द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम का आयोजन कर रही है और उसमें भाग ले रही है। सर्वे कार्य पूरा होने के बाद, स्थानीय क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक और जागरूकता कार्यक्रम आयोजन कर रही हैं। कार्यक्रम को जारी रखी हुई आज सदर अस्पताल और बस स्टैंड में अभियान चलाया गया है। साथ ही लातेहार स्टेडियम में सिविलियन के साथ वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। साथ ही आरएएफ के डिप्टी कमांडेंट विवेक कुमार के उपस्थित में स्थानीय लोगों के साथ शांति समिति की बैठक भी आयोजित की गई है। इस अवसर पर डिप्टी कमांडेंट ने कहा कि लातेहार की लोगों का स्वभात काफी सोहार्दपूर्ण है। यहां के लोग काफी मिलनसार है। यहां के लोग स्वच्छता के प्रति काफी गंभीर है। यहां आकर काफी अच्छा महसूस हो रहा है।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।